Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:13 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:13 बजे



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 12 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 25 जून 2026

पद्म भूषण लेने के बाद व्हीलचेयर...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पीएम मोदी ने कलकत्ता गोदाम हादसे का संज्ञान लिया, मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हुई

**कोलकाता।** कोलकाता के तारतला इलाके में बुधवार दोपहर एक बड़ा हादसा हुआ। यहां श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट की जमीन पर बन रहा एक तीन मंजिला गोदाम अचानक गिर गया। इस हादसे में अब तक आठ मजदूरों की मौत हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के लिए मुआवजे का एलान किया और हादसे पर दुख जताया। पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कल कोलकाता में हुई दुर्घटना बेहद दुखद है। इस दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों को पीएमएनआरएफ की ओर से 2 लाख रुपये प्रति व्यक्ति की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता पहुंचाने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही है।

### 15 फीट गहरे चैंबर में उतरे दो मजदूरों की जहरीली गैस लगने से मौत



**संभल।** संभल के बहजोई क्षेत्र स्थित राइस मिल में बृहस्पतिवार को बड़ा हादसा हो गया। मक्का सुखाने वाले एलीवेटर के करीब 15 फीट गहरे चैंबर में उतरे दो मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद मिल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों मजदूरों के शव बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# निर्जला एकादशी: हरिद्वार में श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**हरिद्वार**
हमारे संवाददाता

धर्मनगरी हरिद्वार में निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और दान-पुण्य का कार्य किया। गंगा में स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने जल, फल और अन्य सामग्री का दान कर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। इस दौरान घाटों पर धार्मिक भजनों और मंत्रोच्चारों की गूंज सुनाई दी। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा घाटों पर पहुंचने लगे और मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की। निर्जला एकादशी के दिन



श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद भगवान विष्णु की आराधना की और विधि-विधान के साथ व्रत एवं पूजन किया। गंगा घाटों पर दान-पुण्य करने वालों की भीड़ सुबह से ही नजर आई। कई श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। सनातन धर्म में निर्जला एकादशी को विशेष फलदायी व्रत माना जाता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु की आराधना और व्रत करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी विश्वास के साथ दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर अपनी आस्था व्यक्त की। पर्व के मद्देनजर हरिद्वार पुलिस और प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए। गंगा घाटों पर पुलिस बल की तैनाती की गई और लगातार निगरानी रखी गई। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

प्रधानमंत्री मोदी बोले, भारत करेगा हर संभव मदद

# वेनेजुएला में भूकंप से तबाही हजारों लोगों के मौत की आशंका

**नई दिल्ली**
एजेंसी

वेनेजुएला में एक के बाद एक आए दो शक्तिशाली भूकंपों से भारी तबाही हुई। राजधानी काराकास में कई इमारतें ढह गईं, एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। राष्ट्रपति रोड्रिगेज ने आपातकाल की घोषणा की है। राहत और बचाव कार्य जारी है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक हजारों लोगों के मारे जाने की आशंका है। राष्ट्रपति ने कहा है कि 32 मौतों की पुष्टि हुई है।

कार्यवाहक राष्ट्रपति रोड्रिगेज ने भूकंप के बाद तबाही के मद्देनजर देश को संबोधित भी किया। उन्होंने देशवासियों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि प्रभावित इलाकों में सरकार और संबंधित राहत और बचाव कार्य एजेंसियां हरसंभव मदद मुहैया करा रही हैं। वेनेजुएला में भूकंप के बाद आधिकारिक जानकारी सामने आई है। देश की कार्यवाहक राष्ट्रपति रोड्रिगेज ने कहा है कि अब तक 32 लोगों की मौत होने की पुष्टि हो चुकी है। राहत और बचाव कार्य



में लगी एजेंसियों के मुताबिक 700 से अधिक लोग घायल हुए हैं। रात के अंधेरे के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में चुनौतियां सामने आ रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला में आए दो बड़े भूकंपों पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के महान लोगों पर आए ये दोनों भूकंप बहुत बड़े स्तर के थे। और इसमें बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है। अमेरिका मदद के लिए पूरी तरह तैयार और इच्छुक है। मैंने अपनी सरकार की सभी एजेंसियों को तेजी से कार्रवाई करने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है।

### पीएम मोदी ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेनेजुएला में आए भूकंप और उससे हुई तबाही पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने इस आपदा को लेकर अपनी संवेदनाएं साझा की हैं। पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा वेनेजुएला में आए भूकंप से हुई तबाही से मुझे गहरा दुख हुआ है। भारत के लोगों की ओर से, मैं वेनेजुएला की सरकार और वहां के लोगों के प्रति, और खासकर उन परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।

# नगरासू में निहंगों पर कार्रवाई न होने के विरोध में प्रदर्शन, चमोली में भी लोगों ने उठाई जांच की मांग

**चमोली**
हमारे संवाददाता

डीजीपी दीपम सेठ ने कहा कि कर्णप्रयाग और रुद्रप्रयाग जिले के नागरासू में हाल ही में हुई घटनाओं को पुलिस और प्रशासन ने विभिन्न संगठनों के सहयोग से धैर्य और संयम के साथ नियंत्रित किया है। हालांकि, कुछ व्यक्तियों के आपत्तिजनक और अनुचित भाषा के प्रयोग की जानकारी पुलिस के संज्ञान में आई है।

नगरासू प्रकरण मामले में निहंगों पर कार्रवाई न होने के विरोध में प्रदर्शन रुद्रप्रयाग गुलाबराय मैदान में लोगों ने प्रदर्शन किया। पौड़ी, रुद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग से भी लोग प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे। दूसरी तरफ जिला पंचायत चमोली के बोर्ड की बैठक में कर्णप्रयाग निहंग घटना की जांच चमोली पुलिस को दिए जाने की मांग उठी। निहंगों और स्थानीय लोगों के बीच 16 जून को हुए विवाद के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बुधवार को डीआईजी यशवंत सिंह मामले की जांच के लिए पहुंचे। वे कुछ दिनों तक पुलिस की कार्यप्रणाली की जांच कर रिपोर्ट आईजी को सौंपेंगे। बीते 16 जून को हुए विवाद में दो स्थानीय लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने तीन निहंगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। एक निहंग का बेस अस्पताल श्रीनगर में पुलिस की निगरानी में इलाज चल रहा है। सिख समुदाय ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया था। इसके बाद क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई। पूरे प्रकरण में पुलिस की भूमिका और दोनों प्राथमिकी की जांच हरिद्वार पुलिस को सौंपी गई है।



# मौसम का मिजाज: आज बारिश के आसार, तूफान का अलर्ट

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, टिहरी, नैनीताल और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज तूफान चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

जलवायु परिवर्तन और मौसम के बदले पैटर्न के चलते इस बार मानसून देरी से उत्तराखंड पहुंचेगा। उधर मानसून की देरी का सीधा असर तापमान पर भी देखने को मिल रहा है। मैदानी इलाकों के साथ पर्वतीय क्षेत्रों में भी चटक धूप खिलने से गर्मी तेवर दिखा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार को राहत मिलने के आसार हैं। मंगलवार को दिन भर धूप खिलने से गर्मी ने परेशान किया। हालांकि बीच-बीच में बादल छाए तो राहत का भी अहसास हुआ।

आंकड़ों पर नजर डालें तो दून का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री इजाफे के साथ 36.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री गिरावट के साथ 22.8 डिग्री दर्ज किया गया। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य इलाकों में रहा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास रहा। 24 जून को दून का अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहने के आसार हैं।

### महरौली में तीन मंजिला इमारत गिरी, कई लोगों के दबे होने की आशंका

**दिल्ली।** दिल्ली के महरौली में तीन मंजिला इमारत का एक हिस्सा ढह गया। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस ने राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है।

देश की राजधानी दिल्ली के महरौली इलाके में एक तीन मंजिला इमारत गिर गई है। इस दुर्घटना में कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे हैं और राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है।
यह घटना महरौली के वार्ड नंबर तीन में हुई है। गिरी हुई यह इमारत लगभग 300 गज के क्षेत्र में बनी हुई थी। जानकारी के अनुसार, इमारत को तोड़ने का कार्य चल रहा था।

# बम धमाकों की धमकी के बाद अलर्ट मोड में दून पुलिस

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया से सभी थानों में बम धमाके किए जाने की धमकी मिलने के बाद दून पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। एसएसपी देहरादून प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के निर्देश पर आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत पूरे जनपद में सघन चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

देर रात और सुबह तड़के से सभी क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग टीमें शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक आने-जाने वाले वाहनों की आकस्मिक जांच कर रही हैं। अभियान के दौरान संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। उनके सत्यापन संबंधी विवरण भी जांचे जा रहे हैं। अंतरराज्यीय



और अंतर्जनपदीय बॉर्डरों के साथ-साथ आंतरिक मार्गों पर भी पुलिस द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है। संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहन जांच की जा रही है ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी स्वयं अपने-अपने क्षेत्रों में मौजूद रहकर चेकिंग अभियान और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

# राजभवन की विरासत का दस्तावेज है प्रो. तिवारी की पुस्तकः गुरमीत



नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल स्थित राजभवन केवल उत्तराखंड के राज्यपाल का ग्रीष्मकालीन आवास भर नहीं है बल्कि यह इतिहास, वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत का ऐसा जीवंत दस्तावेज है जो 125 वर्षों से अधिक समय से अपनी भव्यता के साथ खड़ा है।

यह बात सूबे के राज्यपाल ले.ज. (सेनि) गुरमीत सिंह ने बुधवार को नैनीताल के इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक राजभवन की निर्माण गाथा पर आधारित प्रो. गिरीश रंजन तिवारी की ओर से लिखित अतीत से वर्तमान तक नैनीताल का सफ र और गॉथिक राजभवन के निर्माण की अद्भुत गाथा का राजभवन में विमोचन

और सिद्धार्थ माधव द्वारा विकसित एआई हेरिटेज एंड टूरिज्म एप का लोकार्पण करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विरासत और नवाचार का समन्वय ही विकसित भारत की आधारशिला है। हमारी ऐतिहासिक धरोहरें हमें अपनी जड़ों से जोड़ती हैं जबकि आधुनिक तकनीक हमें भविष्य की दिशा दिखाती है। कहा कि यह पुस्तक और डिजिटल मंच विरासत संरक्षण, सांस्कृतिक जागरूकता तथा उत्तरदायी पर्यटन के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण सिद्ध होंगे। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए विकास भी- विरासत भी के मंत्र को साकार करने के लिए सांस्कृतिक संरक्षण और तकनीकी नवाचार दोनों को समान महत्व देना आवश्यक है। वरिष्ठ पत्रकार प्रो. गिरीश रंजन तिवारी द्वारा लिखित इस पुस्तक का प्रकाशन उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह की प्रेरणा और अनुशंसा पर किया गया है।

समारोह की शुरूआत में प्रो. तिवारी ने राज्यपाल को बुके भेंट किया साथ ही पुस्तक के आवरण पृष्ठ पर प्रकाशित प्रसिद्ध चित्रकार सुधीर वर्मा द्वारा तैयार की गई हस्तनिर्मित पेंटिंग भी स्मृति चिह्न के रूप में भेंट की, जिसकी राज्यपाल ने सराहना करते हुए कलाकार की प्रशंसा की।

इस अवसर पर राजभवन की वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, परितोष बंगवाल, एप के निर्माता सिद्धार्थ माधव, प्रकाशक संतोष सिंह, हर्ष सिंह, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के को चेयरमैन डीके शर्मा, दीपा शर्मा, विपुल शर्मा, अशोक तिवारी, खुशबू तिवारी, कुसुम तिवारी, प्रो. नीरजा टंडन, प्रो. महेंद्र सिंह राणा, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. संतोष कुमार, कंचन वर्मा, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, कूर्मांचल बैंक के अध्यक्ष विनय साह, विशाल आर्य, अंचल पंत सहित कुमाऊं विविअ के वरिष्ठ गरुजन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पुस्तक का कवर पेज राज्यपाल ने स्वयं अपनी रूचि से बनवाया और इसकी प्रस्तावना भी उन्होंने ही लिखी है। पुस्तक के प्रकाशक इंदु प्रकाशन के संतोष सिंह ने बताया कि केवल कवर पेज देखकर उन्हें एक हजार पुस्तकों के अग्रिम आर्डर मिल चुके हैं।

### राज्यपाल के गांव के मिस्त्रियों ने किया था राजभवन का निर्माण

नैनीताल । कार्यक्रम के दौरान प्रो. तिवारी ने बताया कि शोध के दौरान पता चला कि राजभवन के निर्माण में पंजाब के रामगढि ़ा सिखों का महत्वपूर्ण योगदान रहा था जो राज्यपाल के ही गांव के थे। ब्रिटिश वास्तुकारों ने तैयार किया लेकिन इसके निर्माण में भारतीय मजदूरों, शिल्पकारों और स्थानीय कारीगरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही कोई भी ब्रिटिश मजदूर नहीं लगा था। सीमित संसाधनों, दुर्गम मार्गों और कठोर मौसम के बीच निर्मित यह भवन आज भी अपनी मूल संरचना और मजबूती के साथ खड़ा है।

### राष्ट्रपति को भेंट की पहली प्रति अब पीएम राज्यपालों, मत्रियों को भेजेंगे

**नैनीताल** । राज्यपाल गुरमीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तक में संकलित ऐतिहासिक तथ्य और शोध कार्य अत्यंत मूल्यवान हैं। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक की पहली प्रति उन्होंने राष्ट्रपति को भेंट की थी अब प्रधानमंत्री सहित सभी राज्यपालों, मुखयमंत्रियों और केंद्रीय मंत्रियों को भी इसकी प्रति भेजेंगे,उन्होंने घोषणा की कि इस पुस्तक को उत्तराखंड के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मुहैया कराने के प्रयास किए जाएंगे ताकि विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।



## लोगों को गिनाई डा.आर्य ने सरकार की कई विकास योजनाएं

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बुधवार को नैनीताल विधान सभा के कोटाबाग विकास खंड के ग्राम सभा नलनी तथा घटगड़ का भ्रमण किया।

इस दौरान डा.आर्य ने लोगों को डबल इंजन सरकार की विकास योजनाओं को प्रचारित किया जिससेकि अंतिम छोर में निवास करने वाले लोगों को भी इनका लाभ मिल सके। उन्होंने आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह लगन व निष्ठा से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से दिए जा रहे कार्यक्रमों को सफल बनाएं। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती पर अधिक जोर दिया। कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार समाज के हर वर्ग के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं बना रही है जिसका लाभ समाज के हर वर्ग को मिल रहा है। इस दौरान गोविन्द सिंह अधिकारी ग्राम प्रधान,कुंदन अधिकारी पूर्व प्रधान, हीरा अधिकारी, जशोद सिंह, दिनेश आर्या,तेज राम, लक्ष्मी बिष्ट, सोनिया रावत ,नवीन आर्य, लाल सिंह, राम सिंह, महेंद्र सिंह एवं अन्य ग्रामवासी व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लोक भवन केवल कार्यस्थल नहीं, एक सशक्त परिवारःराज्यपाल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने बुधवार को लोक भवन में आयोजित परिवार मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि लोक भवन केवल एक कार्यस्थल नहीं, बल्कि आत्मीयता, विश्वास और साझा दायित्वों से जुड़ा एक सशक्त परिवार है। किसी भी संस्था की सफलता के पीछे कर्मचारियों के समर्पण के साथ-साथ उनके परिवारों का त्याग व धैर्य और सहयोग भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने लोक भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया। राज्यपाल ने कहा कि लोक भवन उत्तराखण्ड की गौरवशाली विरासत, उत्कृष्ट प्रशासनिक मूल्यों और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। इसकी ऐतिहासिक गरिमाए प्राकृतिक सौंदर्य और संस्थागत प्रतिष्ठा को सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिमेदारी है। कहा कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी लोक भवन में अवस्थापना सुधार, पर्यावरण संरक्षण तथा विरासत संवर्द्धन के विभिन्न कार्य किए गए हैं साथ ही गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट एवं एक शाम सैनिकों के नाम जैसे कार्यक्रमों के सफल आयोजन में लोक भवन परिवार के प्रत्येक सदस्य के योगदान की सराहना की।



## NEWS / फटाफट

### नैनीताल में मुहर्रम कमेटी ने निकाला जुलूस

**नैनीताल** । मुहर्रम कमेटी की जानिब से नैनीताल में जुलुस ए अलम निकला गया। बता दें जुलूस रॉयल होटल से शुरू हुआ जिसमें अलग- अलग जगह से अलम लाए गए, सब अलामों के साथ जुलूस इंद्रा मार्किट,बड़ा बाजार से वापस रजा कलब में संपन हुआ जिसके बाद रजा कलब में ज़िक्र ए हुसैन की मेहफिल का एहतमाम किया गया। महफिल का आगस नतिया कलम व मनकबत से हुआ उसके बाद शान अहमद ने हुसैन की शान बयान की और उनके जीवन काल में रोशनी डाली और अंत में सलातो सलाम हुआ और दुआ की गई और समीर अली ने बताया कि चाँद 9 तारीख को सुबह से आम लंगर (भंडरा) होगा और शाम को सांय को 7 बजे से तजियों का जुलुस निकला जायेगा। इस जुलुस मे शामिल कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बक्श ने सभी से शिरकत की अपील की।

### भवाली में बोरिंग से ही लोगों को मिले जल संयोजनःखष्टी



**नैनीताल** । नैनीताल जिले के भवाली सैनिटोरियम की सामाजिक कार्यकर्ता खष्टी बिष्ट ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल तथा विधायक सरिता आर्या को पत्र भेजकर भवाली सैनिटोरिम- मस्जिद तिराहे के पास खुदे हुए बोरिंग से उपजे जल संकट का संज्ञान लेने की गुजारिश की है। उन्होंने कहा है कि बोरिंग से ही स्थानीय निवासियों को जल संयोजन दिया जाए। बिष्ट ने कहा है कि लगभग दो वर्ष से बोरिंग का कार्य पूरी तरह से बंद पड़ा है लेकिन संयोजन अभी किसी को नहीं मिले हैं वही पाइप लाईन भी नहीं बिछी है,कहा कि कार्य अधूरा पड़ा है जबकि बोरिंग दो साल पहले ही हो चुकी है।

### परिवहन मंत्री से मिले टैक्सी वाहन यूनियन के अध्यक्ष



**नैनीताल।** टैक्सी वाहन यूनियन के अध्यक्ष ऋतुल कुमार ने परिवहन मंत्री से मुलाकात कर टैक्सी बाइक संचालकों एवं इस कार्य से जुड़े युवाओं की समस्याओं को विस्तार से रखा गया। मंत्री ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा आश्वासन दिया कि संबंधित अधिकारियों एवं आरटीओ से चर्चा कर जल्द ही उचित एवं सकारात्मक समाधान निकाला जाएगा। कहा कि यह विषय केवल वाहनों का नहीं बल्कि हजारों युवाओं के रोजगार और उनके परिवारों की आजीविका से जुड़ा हुआ है। हमें विश्वास है कि सरकार इस मामले में सकारात्मक निर्णय लेकर युवाओं को राहत प्रदान करेगी। कुमार ने सभी साथियों से अपील है कि एकजुट रहें और धैर्य बनाए रखें। हमारी टीम लगातार आपके हितों के लिए प्रयासरत है और स्थायी समाधान तक संघर्ष जारी रहेगा।

### मंगोली-भेवा मोटर मार्ग के निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन



नैनीताल। क्षेत्र पंचायत सदस्य मंगोली-गहलना मुकेश महरा ने मंगोली-भेवा मोटर मार्ग के निर्माण को लेकर पीएमजीएसवाई मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को रखते हुए मार्ग निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की। मुकेश महरा ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि मंगोली-भेवा मोटर मार्ग बनने से स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। न्याय पंचायत खुर्पाताल के अंतर्गत गहलना-मंगोली सड़क और अधौड़ा-गैरखेत सड़क योजनाओं के लंबित होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इस पर संज्ञान लेते हुए कैबिनेट मंत्री भरत चौधरी ने आश्वस्त किया कि सड़क निर्माण में आ रही तकनीकी व प्रशासनिक अड़चनों को जल्द दूर कर कार्य तुरंत शुरू कराया जाएगा।

## भीमताल के एसओएस बाल ग्राम में विधिक साक्षरता एवं जगरूकता शिविर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में सिविल जज (सी0डि)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल के द्वारा नालसा के तहत 26 जून को अंतराष्ट्रीय मादक द्रव्यों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी विरोध दिवस के संबन्ध मे भीमताल स्थित एसओएस बाल ग्राम मे विधिक साक्षरता एवम जगरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सर्वप्रथम नालसा पर आधारित सॉर्ट वीडियो का प्रदर्शन किया गया, शिविर मे सहायक समाज कल्याण अधिकारी द्वारा बच्चो को नशे के बारे मे जानकारी दी गई तथा बताया की नशा एक चेन की तरह होता है जो एक दूसरे से जुड़कर बढ़ते जाती है और बच्चे नशे के प्रभाव मे जल्दी आ जाते हैं के बारे मे भी जानकारी दी गई। शिविर मे सिविल जज (सी0डि0)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल द्वारा एनडीपीएस एकट के बारे बताते हुए कहा कि उत्तराखंड में नशीले पदार्थों और साइकोट्रोपिक पदार्थो (मनोविकार नाशक) से संबंधित सबसे कठोर कानून है। इस एकट का उद्देश्य मादक औषधियों, मनोरोगी पदार्थों के व्यापार, खेती, उत्पादन, निर्माण, खरीद, बिक्री, परिवहन और उपयोग को नियंत्रित करना है।सीओ भीमताल रविकांत सेमवाल द्वारा बच्चो को नशे के हानिकारक प्रभाव के बारे मे विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई। शिविर मे नालसा डॉन.ड्रग अवेयरनेस एण्ड वेलनेस नेविगेशन फ ॉर ए ड्रग फ्री इंडिया यूनिट सदस्य यशवंत कुमार, नेहा आर्या, पीएलवी नवाब खाना आदि मौजूद रहे।

## नैनीताल में स्कूटी से छटका युवक,हुआ घायल

नैनीताल । नगर के मल्लीताल स्थित चीना बाबा मंदिर के पास स्कूटी के ब्रेक नहीं लगने से एक युवक स्कूटी से छटककर सामने पार्क गाड़ी से जा टकराया और चोटिल हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक बकसर बिहार निवासी आयुष तिवारी (17) अपने दोस्तों के साथ नैनीताल घूमने आया था और वह सभी दोस्त टैकसी स्कूटी से घूम रहे थे। चीना बाबा मंदिर के पास ढलान में उतरते समय स्कूटी के ब्रेक नहीं लगने से आयुष स्कूटी से छटककर मंदिर के पास पार्क बोलेरो गाड़ी से जा टकराया। इस दौरान गाड़ी का शीशा भी टूट गया और आयुष चोटिल हो गया तथा उसके चेहरे पर चोट आई है। आयुष ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ नैनीताल घूमने आया था और सभी दोस्त टैकसी स्कूटी से घूम रहे थे तभी चीना बाबा मंदिर के पास ढलान में उनकी स्कूटी की ब्रेक नहीं लगने से वह गिरकर सामने खड़ी गाड़ी से जा टकराए और चोटिल हो गए।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## गुर्दा रोग का कहर

*गुर्दा रोग कहर से कम नहीं है। गुर्दा रोगी इलाज कराने में लाखों रुपये के कर्जदार बन जाते हैं और उसके बाद भी पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो पाते हैं। मृत्यु होने तक इलाज कराना पड़ता है। सरकारी योजनाओं के पैसे खर्च होने के बाद इलाज के लिए जमीन गिरवीं रखने और बेचने की नौबत आ जाती है। दवा, जांच, डायलिसिस, आवागमन आदि पर हर साल करीब पांच लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। गुर्दा प्रत्यारोपण में पांच से छह लाख खर्च हो जाते हैं, उसके बाद भी जीवनभर इलाज कराना पड़ता है।*

निरोगी काया सबसे बड़ा वरदान है। आधुनिक जीवन शैली, खान-पान में लापरवाही से रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। कैंसर का नाम सुनते ही डर लगता है। कैंसर के लिए तम्बाकू का सेवन मुख्य कारण है। कैंसर का इलाज महंगा होने के साथ जीवन बचने की संभावना बहुत कम होती है। एक अध्ययन के अनुसार गुर्दा रोग कहर से कम नहीं है। गुर्दा रोगी इलाज कराने में लाखों रुपये के कर्जदार बन जाते हैं और उसके बाद भी पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो पाते हैं। मृत्यु होने तक इलाज कराना पड़ता है। सरकारी योजनाओं के पैसे खर्च होने के बाद इलाज के लिए जमीन गिरवीं रखने और बेचने की नौबत आ जाती है। दवा, जांच, डायलिसिस, आवागमन आदि पर हर साल करीब पांच लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। गुर्दा प्रत्यारोपण में पांच से छह लाख खर्च हो जाते हैं, उसके बाद भी जीवनभर इलाज कराना पड़ता है। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा अन्य सरकारी योजनाओं से भी गुर्दा रोगियों का खर्च पूरा नहीं हो पाता है। बड़े चिकित्सा संस्थानों में प्रतिदिन तीन सौ से अधिक गुर्दा रोगी पहुंचते हैं, इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि किडनी का रोग किस हद तक फैल रहा है। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के प्रकोप से मरने वालों में अधिकतर गुर्दा व हृदय रोग से ग्रसित थे। कोई भी रोग किसी भी उम्र में हो सकता है। रोग के कारण अनेक होते हैं। गुर्दा रोग से बच्चों का ग्रसित होना चिंता का विषय है। चिकित्सा क्षेत्र में नये-नये अनुसंधान, इलाज की नई तकनीक और दवाओं पर निरंतर शोध से उपचार की उम्मीद बढ़ी है। किसी भी रोग के लिए दवा से अधिक परहेज जरूरी होता है। गुर्दा रोग के लक्षण पता लगने के बाद सबसे पहले रोगी को संभावित कारण के विषय में जानकारी लेकर स्वयं सतर्कता बरतनी चाहिए। गुर्दा रोगी को जल का सेवन अधिक करने की सलाह दी जाती है। जल ही जीवन है को हर व्यक्ति को आत्मसात करके निरोगी होने पर भी चिकित्सक की परामर्श के अनुसार प्रतिदिन पानी पीना चाहिए। जल पीने के अनुपात में यूरिन डिस्चार्ज होना चाहिए। गुर्दा रोग में डायलिसिस की नौबत आने पर मरीज लाइलाज हो जाता है। डायलिसिस का खर्च सामान्य आर्थिक स्थिति के रोगी के लिए असंभव हो जाता है और मृत्यु होने तक कर्ज लेकर इलाज कराना पड़ता है। सरकार को आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों के लिए डायलिसिस की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराने से राहत हो सकती है।

# सीएम का पार्टनर बता किसानों पर भूमि बेचने का दवाब

### सीओ सिटी और एसडीएम से मिल कर शिकायती पत्र सौंपे, कार्रवाई की मांग की

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय रुद्रपुर के उद्योगपति पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अपना बिजनेस पार्टनर बताकर किसानों से जबरन खेत की भूमि बेचने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है।

नाराज किसानों ने रुद्रपुर कोतवाली पहुंचकर सीओ सिटी विभव सैनी और एसडीएम मनीष बिष्ट से मुलाकात करते हुए शिकायती पत्र कर कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को कोतवाली पहुंचे किसानों ने सीओ सिटी और एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि उनकी कृषि भूमि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लंबाखेड़ा में स्थित है। उन्होंने बताया कि शहर के एक उद्योगपति के द्वारा उनके खेत के पड़ोस में शिव श्री फूड इंडस्ट्रीज के नाम से एक प्लांट लगाया जा रहा है। आरोप है कि उनसे भी उनके खेत को बेचने का दबाव बनाया जा रहा है। आरोप है कि उद्योगपति के द्वारा मुख्यमंत्री धामी को इंडस्ट्रीज में पार्टनर बताते हुए कृषि भूमि बेचने का दावा बनाया जा रहा है। जबकि वह भूमि बेचने के इच्छुक नहीं है और भूमि ना बेचने पर सरकारी रास्ता बंद करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने सीओ विभव सैनी को शिकायती पत्र देकर जांच के बाद कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने कहा कि अगर इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे। सीओ सिटी का कहना था कि मामला राजस्व का है और उन्होंने किसानों से एडीएम से मिलने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि वह शिकायती पत्र को संज्ञान लेगें। सीओ से मिलने वालों में दौलत बठला,सोमनाथ बठला, राकेश बठला, गुरबख्श लाल, जगदीश लाल,अनवार हुसैन, अनिल, आमिर हुसैन, समेत तमाम किसान मौजूद रहे।



## पल्स पोलियो अभियान को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक

रुद्रपुर। जनपद में राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान को लेकर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में पल्स पोलियो अभियान की शत-प्रतिशत सफलता हेतु प्रमुख चिकित्सा अधीक्षकों के साथ जिला टास्क फोर्स की बैठक जिला सभागार में आयोजित हुई। पल्स पोलियों कार्यक्रम 28 जून से 4 जुलाई तक चलेगा। डीएम ने कहा कि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु संबंधित अधिकारी ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। साथ ही कहा कि संबंधित अधिकारी पोलियो के कार्य को गम्भीरता से ले, इसमे किसी भी प्रकार की ढिलायी न बरती जाये। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपस में समन्वय बनाते हुये पल्स पोलियों का वृहद रूप से प्रचार-प्रसार करें। ताकि सभी लोग जागरूक होकर 28 जून को अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को बुथ पर आकर पोलियों की खुराक पिला सकें। डीएम ने कहा कोई भी बच्चा पोलियों खुराक से वंचित न रहे। इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि ब्लॉक स्तर पर शीघ्र बैठक कर कार्य को सफल बनाने हेतु ठोस योजना बनाना सुनिश्चित करें।

# काशीपुर बाईपास चौड़ीकरण की योजना को मिली मंजूरी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

शहर के लोगों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित काशीपुर बाईपास चौड़ीकरण परियोजना को आखिरकार शासन की मंजूरी मिल गई है। शासन ने लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित चौड़ीकरण योजना का शासनादेश जारी कर दिया है। इसके साथ ही परियोजना के लिए 10 प्रतिशत धनराशि भी जारी कर दी गई है। शासनादेश जारी होने के बाद अब जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होने और निर्माण कार्य धरातल पर उतरने की उम्मीद है।

पत्रकार वार्ता में महापौर विकास शर्मा ने कहा कि काशीपुर बाईपास का चौड़ीकरण रुद्रपुर की प्रमुख जन अपेक्षाओं में शामिल रहा है। इसके लिए लंबे समय से लगातार प्रयास किए जा रहे थे, जो अब सफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और सकारात्मक सहयोग से यह बहुप्रतीक्षित परियोजना स्वीकृत हुई है, जो शहर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। प्रारंभिक योजना के अनुसार सड़क की चौड़ाई 75 फीट प्रस्तावित थी, लेकिन चौड़ीकरण की जद में बड़ी संख्या में दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान आने की आशंका थी।

व्यापारियों की मांग और जनहित को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री से सड़क की चौड़ाई 60 फीट निर्धारित करने का आग्रह किया गया था। जिसे स्वीकार कर लिया गया। नगर निगम और प्रशासन इस संबंध में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। पिछले सप्ताह ही नगर निगम की ओर से परियोजना के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया था और अब मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासनादेश भी जारी हो गया है। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में काशीपुर बाईपास पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है।

महापौर ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में रूद्रपुर में विकास कार्यों को नई गति मिली है। जनहित से जुड़े जिन भी प्रस्तावों को सरकार के समक्ष रखा गया, उन पर त्वरित कार्रवाई हुई है। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि काशीपुर बाईपास चौड़ीकरण के लिए 14 करोड़ रुपये की स्वीकृति रूद्रपुर की जनता के लिए बड़ी उपलब्धि है। यहां पर पूर्व मेयर व दर्जा मंत्री रामपाल सिंह,दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता,वेद ठुकराल, केके दास,मुकेश कुमार समेत अन्य पार्टी के लोग मौजूद थे।




# फिल्मी दुनिया

## पद्म भूषण लेने के बाद व्हीलचेयर में नजर आई अलका याग्निक





*हाल ही में अलका याग्निक का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्हें व्हीलचेयर पर बैठाकर ले जाया जा रहा है। यह वीडियो उनके पद्म भूषण सम्मान लेने के बाद का बताया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद फैंस उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता जाहिर कर रहे हैं। 60 साल की अलका याग्निक साल 2024 से सेंसोरीन्यूरल हियरिंग लॉस से जूझ रही हैं। 23 जून को नई दिल्ली में उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म भूषण से सम्मानित किया। इसके अगले दिन, 24 जून को उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर अपनी सेहत को लेकर बात की। अलका ने बताया कि पिछले दो वर्षों से वह लाइमलाइट से दूर थीं और पब्लिक इवेंट्स में कम ही नजर आईं। लेकिन इस खास मौके पर उन्होंने शामिल होने का फैसला किया, क्योंकि अब वह धीरे-धीरे ठीक होने की कोशिश कर रही हैं और वापसी कर रही हैं। अपने पोस्ट में अलका याग्निक ने पद्म भूषण मिलने पर खुशी और आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए बहुत खास है। इस समारोह में अलका याग्निक के साथ ममूटी, आर माधवन और दिवंगत अभिनेता सतीश शाह को भी सम्मानित किया गया। सतीश शाह की ओर से यह पुरस्कार उनके भाई अरविंद शाह ने लिया। इस साल राष्ट्रपति द्वारा कुल 131 पद्म पुरस्कार दिए गए, जिनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं।*

### फैंस ने जताई चिंता

*वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि एक सहायक उन्हें व्हीलचेयर पर बाहर ले जा रहा है। इस वीडियो के सामने आते ही फैंस काफी इमोशनल हो गए और उनकी सलामती के लिए दुआएं करने लगे।एक यूजर ने लिखा, 'हे भगवान, अलका जी जल्दी ठीक हो जाएं... हम फिर से उनकी मीठी आवाज सुनना चाहते हैं।' वहीं दूसरे यूजर ने कहा, 'उन्हें इस हालत में देखकर बहुत दुख हो रहा है।*

# 15 लाख से अधिक की स्मैक समेत एक सौदागर गिरफ्तार

**किच्छा**

**हमारे संवाददाता**

एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टीम ने किच्छा पुलिस के साथ संयुक्त अभियान के दौरान लालपुर से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से 52.46 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस के मुताबिक

बुधवार शाम कुमाऊं की एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टीम ने किच्छा पुलिस के साथ संयुक्त क्षेत्र में अभियान चलाया। इसी बीच लालपुर में एक बाईक सवार को रोका तो उसने पुलिस को चकमा देकर भागने का पराया किया। लेकिन पुलिस की घेराबंदी मजबूत होने के कारण वह भाग नहीं सका और पुलिस उसे दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम गुरमुख सिंहनिवासी गुरुद्वारे वाली गली लालपुर किच्छा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक 52.46 ग्राम है। पुलिस के मुताबिक स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में



15 लाख से अधिक बताई जा रही है। पुलिस पूछताछ में तस्कर ने बताया कि बरामद स्मैक वह बहेड़ी से सस्ती दर पर लाकर लालपुर,किच्छा,रुद्रपुर में महंगी दरों पर बेच मोटा मुनाफा कमा रहा था। टीम को पकड़े गए तस्कर से नशा तस्करी को लेकर अहम जानकारी हाथ लगी है। तस्कर के खिलाफ किच्छा कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। बाईक सीज कर दी गई। इस कार्रवाई में एसटीएफ की एएनटीएफ टीम के निरीक्षक पावन स्वरूप, कांस्टेबल वीरेंद्र चौहान, इसरार अहमद के अलावा किच्छा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी,एसआई बसंत कुमार,हेड कांस्टेबल दीपक सिंह चौहान आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे ।

## News कॉर्नर

### कमरे के बाहर से बाइक चोरी, कैमरे में कैद हुआ चोर

**हल्द्वानी।** शहर में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला मुखानी थाना क्षेत्र के चन्द्रावती कॉलोनी का है, जहां कमरे के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर रात के अंधेरे में चोरी कर ले गया। घटना के बाद पीडति ने पुलिस से वाहन बरामद करने और चोर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। दीपक चन्द्र दानी निवासी ग्राम शशबनी, पोस्ट भटेलिया, जिला नैनीताल ने थाना मुखानी में दी तहरीर में बताया कि मोटर साईकिल संख्या यूके 04 ए ई 1792 उनके भाई मोहन चन्द्र दानी के नाम पर पंजीकृत है। दीपक 15 मई को बाइक को अपने कमरे में लाए थे, जो चन्द्रावती कॉलोनी मुखानी में स्थित है। अगले दिन जब उन्होंने कमरे के बाहर देखा तो बाइक वहां से गायब थी। काफी तलाश के बावजूद मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति रात के बीच बाइक ले जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पति समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर।** दहेज में 25 लाख रुपये की मांग को लेकर महिला से मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। प्रीत विहार फाजलपुर महरौला निवासी सोनम ने सौंपी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह 18 नवंबर 2021 को डिवाइन पार्क कालोनी छत्तरपुर निवासी हेमंत वैध पुत्र राजेंद्र प्रसाद के साथ हुआ था। दहेज में एक कार समेत उसके मायके वालों ने शादी में 70 लाख रुपये खर्च किए थे। विवाह के बाद पति हेमंत वैध, ससुर राजेंद्र प्रसाद, ननद सीमा व नेहा तथा सास रीढा कम दहेज लाने का ताना मारने लगे।

# ग्राम्य विकास मंत्री चौधरी ने की नैनीताल में विकास कार्यों की समीक्षा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सूबे के ग्राम्य विकास, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग, खादी ग्रामोद्योग मंत्री भरत चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को नैनीताल स्थित राज्य अतिथि गृह में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा, पीएमजीएसवाई, उद्योग, ग्रामय विकास, खादी ग्रामोद्योग तथा पशुपालन व मत्स्य पालन सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान मंत्री भरत चौधरी ने पशुपालन एवं मत्स्य पालन को गेम चेंजर बताया और कहा कि उत्तराखंड की आर्थिकी को मजबूत करने में पशुपालन व मत्स्य पालन गेम चेंजर



साबित हो सकते हैं। उन्होंने दुग्ध उत्पादन, विपणन तथा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु अधिकारियों को ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग को पशु नश्ल सुधार सहित गोटवेल्ली को बढ़ाए जाने हेतु कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रमुख आधार है। उन्होंने खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों को विशेष प्रोत्साहन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्थानीय कारीगरों को प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीक एवं बेहतर बाजार मुहैया कराकर खादी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाए।

उन्होंने जनपद में लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार तथा नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं को रोजगार मुहैया कराने हेतु उद्योग विभाग सिंगल विंडो सिस्टम को और प्रभावी बनाए।मनरेगा की समीक्षा के दौरान मंत्री ने निर्देश दिए कि 1 जुलाई से जीरामजी प्रारंभ होने से पूर्व मनरेगा के अंतर्गत सभी पुराने बकाया भुगतान तत्काल किए जाएं।उन्होंने कहा कि मानसून काल में जल संरक्षण कार्यों को बढ़ावा देने हेतु एक पेड़ माँ के नाम की तर्ज पर एक पेड़ गुरु के नाम अभियान चलाया जाय इसे जनांदोलन का रूप दिया जाए।

इससे पूर्व जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए जनपद में संचालित विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अवगत कराया कि आगामी मानसून काल में जिले में जल संरक्षण के कार्यों को प्रमुखता से प्रस्तावित किया गया है। इस दौरान जिलाधिकारी ने माननीय मंत्री के सममुख जिले में घर बटवारे के कारण अलग परिवारों को सौचालय आवंटित कराए जाने का अनुरोध किया गया।बैठक में विधायक नैनीताल सरिता आर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्य, शांति मेहरा, सचिव जिला विकास प्राधिकरण मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, एपीडी चंद्रा फ र्त्याल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बड़ी कार्रवाई: 24 अवैध नशे के इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखानी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया।

थाना मुखानी पुलिस द्वारा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर एक व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 24 अवैध नशे इंजेक्शन बरामद हुए, जिसके बाद उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान चंचल सक्सेना उर्फ चन्दू निवासी नारायण नगर, कुसुमखेड़ा, के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ थाना मुखानी



में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में नशे के कारोबार पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान जारी रहेगा। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए पुलिस की यह कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस कार्रवाई को सफल बनाने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दीपा जोशी (प्रभारी चौकी आरटीओ), कांस्टेबल रोहित कुमार तथा कांस्टेबल रवींद्र खाती शामिल रहे।

स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए नशा तस्करों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की मांग की है।

# तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने मचाई तबाही, राहगीर समेत ई-रिक्शा सवार पांच लोग गंभीर घायल

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

शहर में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में टाटा मैजिक की लापरवाही ने एक परिवार सहित पांच लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

15 जून को सुबह हरिश बिष्ट की पत्नी, दो बच्चे और सास गन्ना सेंटर से ई-रिक्शा में सवार होकर बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान हल्द्वानी से रुद्रपुर की ओर तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही टाटा मैजिक संख्या यूके 06टी ए 7592 ने पहले सड़क पर जा रहे एक व्यक्ति त्रिलोक सिंह बिष्ट को जोरदार टक्कर मारी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया और त्रिलोक सिंह को घसीटते हुए रॉन्ग साइड में जाकर सीधे ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कमला देवी, गोदावरी देवी, मान्वी, कार्तिक और ई-रिक्शा चालक त्रिलोक सिंह बिष्ट शामिल हैं। सभी को मौके पर मौजूद राहुल मक्का और अन्य राहगीरों की मदद से तत्काल सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार, प्रार्थी की पत्नी और त्रिलोक सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है तथा दोनों ट्रॉमा आईसीयू में भर्ती हैं। वहीं बेटा पीआईसीयू में उपचाराधीन है। बेटी और सास के सिर एवं चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं, जिन पर टांके लगाए गए हैं। घटना से आक्रोशित परिजनों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी मैजिक चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब यह देखना होगा कि लापरवाह चालक पर कानून कितना सख्त रुख अपनाता है। लगातार बढ़ते सड़क हादसे एक बार फिर शहर की यातायात व्यवस्था और तेज रफ्तार पर नियंत्रण को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ऐसे वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# कपड़े चुराने वाला चोर गिरफ्तार पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नवाबी रोड स्थित महेश नगर क्षेत्र में महिला के कपड़े चोरी करने और उसकी गरिमा से खिलवाड़ करने वाले आरोपी को हल्द्वानी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए सभी कपड़े भी बरामद कर लिए गए हैं।

हालांकि इस कार्रवाई के साथ ही पुलिस की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। महेश नगर निवासी एक महिला ने 23 जून को कोतवाली हल्द्वानी में शिकायत दर्ज कराई थी कि बीती 19 जून की रात एक अज्ञात व्यक्ति उनके मकान की दीवार फांदकर परिसर में घुस आया और बाहर सूख रहे महिला के कपड़े चोरी कर ले गया। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया और चोरी किए गए कपड़े भी बरामद कर लिए। लेकिन पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर पुलिस की कार्यशैली बार-बार एक जैसी क्यों नजर आती है। अक्सर देखा गया है कि चोरी या अन्य आपराधिक मामलों में पुलिस पहले मुकदमा दर्ज करने से बचती है, जांच के नाम पर समय लेती है और आरोपी को पकड़ने के बाद ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का ढोल पीटती है। यह पहली बार नहीं है। इससे पहले भी शहर में कई बड़ी चोरियों के मामलों में पुलिस पर मुकदमा दर्ज करने में आनाकानी के आरोप लग चुके हैं।

आरोप यह भी है कि आरोपी पकड़ने के बाद उच्चाधिकारी प्रेस वार्ता कर खुलासा करते हैं और अपनी ही पीठ थपथपाकर वाहवाही लूटते नजर आते हैं। महेश नगर की यह घटना भी इसी सवाल को फिर सामने लाती है—क्या आम नागरिक को न्याय पाने के लिए पहले सोशल मीडिया पर मामला वायरल करना जरूरी हो गया है, या फिर बिना दबाव के भी पुलिस समय पर मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष कार्रवाई करेगी? फिलहाल आरोपी पुलिस गिरफ्त में है, लेकिन पुलिसिंग के तौर-तरीकों पर उठते सवाल अब भी कायम हैं।



### रानीखेत-कोसी पंपिंग योजना के लिए 154 करोड़ का प्रस्ताव भेजा

**अल्मोड़ा।** रानीखेत और नगरपालिका चिलियानौला क्षेत्र के लिए राहत भरी खबर है। रानीखेत-कोसी पेयजल पंपिंग योजना को आगे बढ़ाने के लिए जल निगम ने 154 करोड़ का नया प्रस्ताव मुख्यालय भेजा है। मंजूरी मिलने पर रानीखेत नगर, सैन्य क्षेत्र और चिलियानौला नगर पालिका सहित 40 हजार से अधिक आबादी को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। रानीखेत नगर में देवी ढुंगा पंपिंग योजना के सहारे जलापूर्ति की जा रही है जबकि चिलियानौला पालिका क्षेत्र तिपौला ग्राम समूह पेयजल योजना पर निर्भर है।

# कल यूएस नगर जिले में रहेगा रूट डायवर्जन

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

मुहर्रम पर पुलिस ने 26 जून के लिए रूट डायवर्जन किया है। जुलूस के दौरान सुबह 11 बजे से जुलूस की समाप्ति तक डायवर्जन प्लान जारी रहेगा। घर से निकलने से पहले प्लान जरूर देख लें। इस दौरान शहर में सुबह सात बजे से रात 11 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। एसएसपी अजय गणपति ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

**दिल्ली, मुरादाबाद और रामपुर की ओर से आने वाले वाहन**- काशीपुर, हरिद्वार, सितारगंज, खटीमा, जनपद नैनीताल और अन्य पर्वतीय जिलों की ओर जाने वाले समस्त वाहन रामपुर बॉर्डर से रिंग रोड का उपयोग करते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।

**हरिद्वार और काशीपुर की ओर से आने वाले वाहन**- रामपुर, बरेली, सितारगंज, खटीमा, जनपद नैनीताल और अन्य पर्वतीय जिलों की ओर जाने वाले वाहन एमेनिटी स्कूल के पास स्थित फ्लाईओवर से रिंग रोड का उपयोग करेंगे।

**खटीमा, सितारगंज और किच्छा की ओर से आने वाले वाहन**- रामपुर, मुरादाबाद, दिल्ली अथवा काशीपुर, हरिद्वार की ओर जाने वाले वाहन राधा स्वामी सत्संग के निकट स्थित फ्लाईओवर से रिंग रोड का उपयोग करेंगे।

**नैनीताल और हल्द्वानी की ओर से आने वाले वाहन**- काशीपुर, हरिद्वार, देहरादून, रामपुर, मुरादाबाद, बरेली और दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन पार्ले चौक से रिंग रोड के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।

# सनसनी: बंद मकान में किराएदार का शव, नाक-मुंह से निकल रहा था खून

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र की कृष्णा बिहार कॉलोनी में एक बंद मकान के अंदर किराएदार का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

रुद्रपुर में ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र की कृष्णा बिहार कॉलोनी में एक बंद मकान के अंदर किराएदार का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 48 वर्षीय कमलेश चंद्र दुबे निवासी देवरिया, उत्तर प्रदेश पिछले कई वर्षों से ट्रांजिट




कैंप की कृष्णा बिहार कॉलोनी में किराए पर रह रहा था। बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि कमलेश काफी देर से कमरे का दरवाजा नहीं खोल रहा है। सूचना पर उपनिरीक्षक महेश काण्डपाल पुलिस टीम और फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे। वहां मकान मालिक दीपक पाठक समेत आसपास के लोग मौजूद थे।

पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि शाम करीब साढ़े पांच बजे उन्होंने बंद लोहे के गेट से अंदर झांककर देखा तो कमलेश कमरे के अंदर फर्श पर पेट के बल पड़े हुए थे। इसके बाद पुलिस ने डायल-112 की सहायता से गेट खोलकर कमरे में प्रवेश किया। पुलिस के अनुसार, मृतक के नाक और मुंह से खून निकल रहा था और बाएं घुटने पर चोट के निशान भी मिले हैं। शव से दुर्गंध आने के कारण आशंका जताई जा रही है कि मौत कुछ समय पूर्व हुई होगी। मौके से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। वहीं, परिजनों ने बताया कि कमलेश शराब पीने के आदी थे। घटना की सूचना उनकी पत्नी अंजू दुबे और अन्य परिजनों को दे दी गई है। सीओ विभव सैनी ने बताया कि मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।